Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 05 जून 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 244

# आरसीबी की विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ : 11 की मौत, 33 घायल

**बेंगलुरु । आरएनएस**



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का विजेता बनने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आज बेंगलुरु में विक्ट्री परेड निकाल रही थी। इस दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला भी शामिल है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 33 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें बोवरिंग और व्यदेही अस्पताल में ले जाया गया है।

घटना के बावजूद टीम स्टेडियम पहुंची, जहां पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम हुआ।

ये घटना तब हुई, जब आरसीबी की टीम कर्नाटक विधानसभा से स्टेडियम आ रही थी। इस दौरान हजारों लोग स्टेडियम में जाने के लिए इक_ा हो गए। इससे स्टेडियम के अंदर और बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और भगदड़ मच गई।

कहा जा रहा है कि पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज भी किया था।

बताया जा रहा है कि एक बच्चा भी घायल हुआ है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जिस वक्त भगदड़ मची उस वक्त करीब 3 लाख लोग स्टेडियम के बाहर मौजूद थे। ये सभी 18 साल बाद आरसीबी के विजेता बनने का जश्न मनाने आए थे।

इससे पहले आरसीबी की टीम बेंगलुरु की विधानसभा गई थी। वहां मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने टीम को सम्मानित किया था। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने विराट कोहली से मुलाकात की थी।

बता दें कि एयरपोर्ट से लेकर स्टेडियम तक हजारों लोग टीम का स्वागत करने के लिए मौजूद थे।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है।

उन्होंने कहा, जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई। स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग जमा थे। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दिया है।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, मैं अभी तक मृतकों या घायलों की सटीक संख्या की पुष्टि नहीं कर सकता। मैं मौके पर जा रहा हूं। बड़ी संख्या में भावुक फैंस स्टेडियम में मौजूद थे। हमने सुरक्षा के लिए 5,000 से अधिक स्टाफ की तैनाती की थी। स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

शिवकुमार ने हादसे पर माफी भी मांगी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, बेंगलुरू में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हैं, वे जल्द स्वस्थ हो जाएं।

घटना के बाद भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने लिखा, कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा आरसीबी के आईपीएल अभियान का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में खराब योजना और भीड़ के कुप्रबंधन के कारण भगदड़ मच गई। इस दिल दहला देने वाली घटना को टाला जा सकता था। राज्य सरकार द्वारा बुनियादी प्रशासनिक दूरदर्शिता की कमी और भीड़ नियंत्रण में विफलता के कारण अपूरणीय क्षति हुई है। जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

आईपीएल 2025 के फाइनल में आरसीबी ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को हराकर 18 साल में पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की है।

फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 190 रन बनाए थे। जवाब में पीबीकेएस 184 रन ही बना सकी और आरसीबी ने 6 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

आरसीबी 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में पहुंची थी, लेकिन जीत नहीं सकी। वहीं, पीबीकेएस दूसरी बार फाइनल में हारी है।

## अंतर्राष्ट्रीय

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों का बड़ा अभियान, 14 आतंकवादी ढेर

**पेशावर ।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के अफगानिस्तान सीमा से सटे एक कबायली जिले में बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को सैन्य मीडिया विंग ने जानकारी दी कि खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए इस अभियान में 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह अभियान 2 और 3 जून, 2025 को उत्तरी वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल में चलाया गया, जहाँ आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने इलाके में एक आतंकवादी ठिकाने पर छापा मारा। इस दौरान हुई भीषण गोलीबारी में 14 आतंकवादी मारे गए। बयान में यह भी कहा गया कि क्षेत्र में अन्य आतंकवादियों का सफाया करने के लिए अभियान अभी भी जारी है। पाकिस्तानी सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और लगातार काम कर रहे हैं। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के कम से कम 41 आतंकवादी अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश के दौरान उत्तरी वजीरिस्तान के कबायली जिले बिबक घर इलाके के पास मुठभेड़ में मारे गए थे। मारे गए आतंकवादियों में से अधिकांश अफगान नागरिक थे।

### भारत विरोधी बयानबाजी पर फिर घिरे बिलावल भुट्टो, पत्रकार ने याद दिलाया भारत का जवाब

**न्यूयॉर्क ।** पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अपने भारत विरोधी प्रोपेगैंडा वाले बयान के कारण सवालों के घेरे में आ गए। हालांकि, उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच आतंकवाद से मिलकर लडऩे और खुफिया जानकारी साझा करने का सुझाव भी दिया, जिस पर फिलहाल भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वायरल हो रहे एक वीडियो में बिलावल भुट्टो मंच पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान एक पत्रकार ने उनके हालिया बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने और भारत में मुसलमानों को शैतानों की तरह दिखाने की बात कही थी। पत्रकार ने बिलावल भुट्टो को याद दिलाया कि उन्होंने दोनों देशों की ब्रीफिंग देखी है और उन्हें स्पष्ट रूप से याद है कि भारत की ओर से ब्रीफिंग देने वाली सैन्य अधिकारियों में एक मुस्लिम महिला भी शामिल थीं। दरअसल, यह प्रतिक्रिया भारत द्वारा पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई को पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमले के बाद दी गई ब्रीफिंग के संदर्भ में थी। इस ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने की थी। विंग कमांडर सिंह भारतीय वायुसेना में हेलीकॉप्टर पायलट हैं। ब्रीफिंग के दौरान उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी मौजूद थे। इस घटना ने एक बार फिर पाकिस्तान की भारत विरोधी बयानबाजी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवालों के घेरे में ला दिया है।

### यूक्रेन को ब्रिटेन का बड़ा सहारा, देगा एक लाख ड्रोन

**लंदन ।** रूस के साथ ढाई साल से जारी जंग में यूक्रेन की सैन्य ताकत को अब एक बड़ा बूस्ट मिलने वाला है। हाल ही में यूक्रेन द्वारा रूसी सीमा के भीतर गहरे तक ड्रोन से हमले किए जाने के बाद, ब्रिटेन ने यूक्रेन को बड़ी मात्रा में ड्रोन सहायता देने का ऐलान किया है। यूक्रेन ने अप्रैल 2026 तक एक लाख ड्रोन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है और ब्रिटेन इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान देने जा रहा है। ब्रिटेन ने साफ कर दिया है कि वह यूक्रेन का पुरजोर समर्थन करता है। उसका मानना है कि ड्रोन ने युद्ध के तौर-तरीकों को बदल दिया है और इनके माध्यम से यूक्रेन को रूसी सेना पर बढ़त मिल सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए, ब्रिटेन ने यूक्रेन को ड्रोन की आपूर्ति में दस गुना तक वृद्धि करने का निर्णय लिया है। ब्रिटेन की इस घोषणा से पहले जर्मनी ने भी यूक्रेन को बड़ी संख्या में लंबी दूरी की मिसाइलें देने का ऐलान किया था। ब्रिटेन उन पश्चिमी देशों में अग्रणी रहा है जिसने यूक्रेन को खुलकर सैन्य और मानवीय सहायता प्रदान की है।

## छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत : पुल के डिवाइडर से टकराई कार, हादसे में मां-बेटे की मौत

❑ तेज रफ्तार बाइक से गिरकर घायल दो युवकों ने तोड़ा दम

**धमतरी-रायगढ़ । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में दो अलग-अलग हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। पहली घटना धमतरी जिले की है, जहां शादी समारोह से दुर्ग लौट रहा देवांगन परिवार दुर्घटना का शिकार हो गया। कार अनियंत्रित होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में मां-बेटे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना बीती रात सिहावा थाना क्षेत्र के दुधावा मोड़ के पास हुई। वहीं दूसरी घटना रायगढ़ जिले की है, जहां तेज रफ्तार बाइक से गिरने से दो युवकों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले के ग्राम बेलरगांव निवासी देवांगन परिवार शादी समारोह से दुर्ग से वापस अपने घर आ रहे थे, तभी अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल की डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार मां प्रेमा देवांगन और बेटा रॉबिन देवांगन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिहावा पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए नगरी के सिविल अस्पताल लाया गया। इस घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया है। देवांगन परिवार में शोक की लहर है।

## प्रतिष्ठा के प्रसाद की ऑनलाइन डिलेवरी के नाम पर करोड़ों की ठगी

❑ पुलिस ने पौने चार लाख लोगों के खाते में वापस कराया दो करोड़ 15 लाख

**अयोध्या । आरएनएस**



गत वर्ष राममंदिर के गर्भगृह में प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान खादी आर्गेनिक नामक वेबसाइट बना लोगों को प्राण प्रतिष्ठा के प्रसाद की ऑनलाइन डिलेवरी के नाम पर हुई करोड़ों की ठगी के मामले में पीड़ितों के खातों में दो करोड़ 15 लाख रूपये वापस कराए गए हैं। बाकी रकम को वापस कराया जा रहा है। प्रकरण में साइबर थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

शिकायतकर्ता को मैनेज करने अमेरिका से रामजन्मभूमि कार्यशाला आये अमेरिका निवासी आशीष सिंह को तत्कालीन साइबर थाना प्रभारी ने गिरफ्तार किया था और धोखाधड़ी,आईटी एक्ट और पासपोर्ट एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवा 18 जनवरी 24 को चालान किया था। वह वेबसाइट के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद फ्री में घर पहुंचाने के एवज में भारतीय से न्यूनतम 51 रुपये व विदेशी नागरिकों से न्यूनतम 11 डालर शुल्क वसूल रहा था। वेबसाइट के माध्यम से ठगी गई रकम को अपनें खाते में जमा कर रहा था। विवेचना के दौरान पता चला कि वेबसाइट के माध्यम से लगभग 630695 लोगों से एस बैंक, पेटीएम, टेक्प्रोसेस, फोनपे, मोबीक्विक, लायरा वी टू, आईडीएफसी, टीएमबी आदि पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से 38555739 रुपये जमा कराए गए। ठगी का शिकार हुए लोगों में से 372520 पीड़ितों के बैंक खातों में अब तक उनसे ठगी गई 21508426 (दो करोड 15 लाख आठ हजार 426) रूपये वापस कराया गया है और अवशेष धनराशी 17047313 रुपये वापस कराये जाने की प्रक्रिया जारी है।

एसएसपी डा गौरव ग्रोवर ने बताया कि लगभग 6 लाख 30 हजार से भी ज्यादा श्रद्धालुओं से प्रसाद वितरण के नाम पर 3 करोड़ 85 लाख रूपये की आनलाइन ठगी हुई थी। मामले की विवेचना में जुटी साइबर थाना पुलिस ने ठगी गई धनराशि को सीज करवा अभी तक पीड़ितों के खातें में 2 करोड़ 15 लाख की धनराशि वापस करायी है। अवशेष धनराशि को वापस कराया जा रहा है। उन्होंने साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक मो.अरशद खान,निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार,उपनिरीक्षक ओम प्रकाश यादव, मुख्य आरक्षी रवि यादव,राजकुमार गौतम व प्रेम प्रकाश तथा साइबर सेल के आरक्षी पंकज की टीम को 15 हजार रूपये का इनाम दिया है।

## पाकिस्तानी सीमा के पास दिखेगी भारतीय वायु सेना की ताकत, अभ्यास के लिए नोटम किया गया जारी

**नई दिल्ली । आरएनएस**



भारतीय वायुसेना ने एक बार फिर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देते हुए उसकी सीमा से सटे दक्षिणी क्षेत्र में एक अहम युद्धाभ्यास के लिए कमर कस ली है। आज यानी 4 जून को भारतीय वायुसेना ने गुजरात के राजकोट के पास के एयरस्पेस में NOTAM (Notice to Airmen) जारी कर विशेष अभ्यास की घोषणा की है।

यह रणनीतिक क्षेत्र पाकिस्तान सीमा से महज 100 किलोमीटर दूर है और अरब सागर से लगा हुआ है, जो इसे सामरिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण बनाता है। इस दौरान दोपहर 3:30 बजे से रात 9:00 बजे तक एयरस्पेस को आम हवाई यातायात के लिए बंद रखा जाएगा।

इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना के फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स – राफेल, सुखोई-30 एमकेआई और जगुआर शामिल होंगे। यह युद्धाभ्यास वायुसेना की युद्धक क्षमता, प्रतिक्रिया समय और परिचालन तैयारी की गंभीर समीक्षा का हिस्सा है। यह अभ्यास 'ऑपरेशन सिंदूर' के ठीक बाद हो रहा है, जब भारत ने वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक रवैये को बेनकाब करने के लिए व्यापक रणनीतिक पहल शुरू की है।

NOTAM एक महत्वपूर्ण सूचना प्रणाली है जिसे वायुसेना या नागरिक उड्डयन प्राधिकरण किसी भी अस्थायी परिवर्तन, खतरे या विशेष गतिविधियों के लिए जारी करता है। इसका मकसद पायलटों, एयर ट्रैफिक कंट्रोल और अन्य विमानन कर्मियों को समय पर जानकारी देना होता है ताकि उड़ान सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इससे पहले 7 और 8 मई को भी भारतीय वायुसेना ने राजस्थान से सटे पाकिस्तान सीमा के दक्षिणी सेक्टर में एक बड़ा हवाई अभ्यास किया था। उस अभ्यास में राफेल, मिराज-2000 और सुखोई जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान शामिल थे। यह भारत की नियमित परिचालन तैयारियों का हिस्सा था, जिसमें भारत की तेजी से प्रतिक्रिया देने की क्षमता और क्षेत्रीय सुरक्षा का संदेश स्पष्ट रूप से झलकता है।

## एलन मस्क के पिता और बहन अयोध्या के राम मंदिर पहुंचे, रामलला के करेंगे दर्शन

**अयोध्या । आरएनएस**



अरबपति कारोबारी एलन मस्क के पिता एरोल मस्क और उनकी बेटी एलेक्जेंड्रा के साथ भारत दौरे पर हैं। बुधवार को दोनों दिल्ली से अयोध्या पहुंचे हैं।

अयोध्या के आयुक्त गौरव दयाल ने बताया कि एरोल हवाई अड्डे से सीधे राम मंदिर जाएंगे और रामलला के दर्शन करेंगे। इसके बाद वे हनुमानगढ़ी जाएंगे। मस्क परिवार करीब 1 घंटे तक अयोध्या में रहेगा। इस दौरान यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। अयोध्या में 3 स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

मस्क के पिता का अयोध्या दौरा ग्रीन टेक और विद्युत वाहन इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित उनके भारत दौरे का हिस्सा है।

सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड के वैश्विक सलाहकार एरोल मस्क ने 1 जून को अपनी भारत यात्रा शुरू की है और वह 6 जून तक देश में रहेंगे। उनकी कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की बढ़ती हरित प्रौद्योगिकी और विद्युत वाहन चार्जिंग अवसंरचना विकास में तेजी लाना है।

हरियाणा स्थित उनकी कंपनी के प्रवक्ता का कहना है कि एरोल उत्तर प्रदेश की ताजनगरी आगरा भी जाने वाले थे, जहां वे ताजमहल का दीदार करते, लेकिन अत्यधिक गर्मी की वजह से दौरा टाल दिया गया है। अगर 6 जून के बीच आगरा में मौसम सुधरता है तो वह शहर का दौरा कर सकते हैं। बता दें कि एरोल ने सनातन धर्म की प्रशंसा करते हुए कहा था कि भगवान शिव परम रक्षक हैं।

पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## ज्योति मल्होत्रा के बाद एक और यूट्यूबर गिरफ्तार, पाकिस्तान के लिए करता था जासूसी

**रूपनगर । आरएनएस**



पंजाब पुलिस ने बीते 24 घंटे में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक और पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी यूट्यूबर है, जिसकी पहचान गांव महालन, रूपनगर निवासी जसबीर सिंह के रूप में हुई है।

पंजाब के डीजीपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (SSOC) ने यह गिरफ्तारी की है। जसबीर सिंह जान महल नाम से यूट्यूब चैनल चलाता था और उसका संबंध पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (PIO) शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा से पाया गया है।

शाकिर एक आतंक-समर्थित जासूसी नेटवर्क का हिस्सा है। जांच में यह भी सामने आया है कि जसबीर सिंह ने हरियाणा की एक अन्य यूट्यूबर और जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा, निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से भी घनिष्ठ संपर्क बनाए रखे थे।

पुलिस का कहना है कि नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश और जांच जारी है।

## यूपी सरकार का बड़ा फैसला, पुलिस और पीएसी की भर्ती में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण

**लखनऊ । आरएनएस**

उत्तर प्रदेश सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ा फैसला लिया है। यूपी पुलिस और पीएसी की भर्ती में 20 प्रतिशत का आरक्षण की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा, जिसमें 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा और 75 प्रतिशत अग्निवीर सशक्त और कार्यकुशल होकर समाज की मुख्यधारा में पुन: शामिल होंगे।

पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के लिए रिक्तियों के आरक्षण के संबंध में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (4 साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पद को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है। भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी। इसके तहत जो राशन की दुकानें गली या संकरी सडक़ों पर हैं, उनके लिए ऐसी जगह भवन बनेगा, जहां आसानी से ट्रक जा सके। नए भवन में गोदाम और वितरण स्थल दोनों होंगे। इसके लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन्हें मनरेगा से बनाया जाएगा। जिलों में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण होगा।

इसके साथ ही, इन भवनों के अनुरक्षण की व्यवस्था का भी प्रावधान किया गया है। इसके अलावा कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश होम स्टे नीति को मंजूरी मिली। इसके तहत धार्मिक स्थलों में होम स्टे का प्रावधान तैयार किया जाएगा। एक कमरे से लेकर छह कमरे तक (अधिकतम 12 बेड) की व्यवस्था हो सकेगी। श्रद्धालुओं को एक साथ सात दिन तक रुकने की व्यवस्था मिलेगी।